दिन—रविवार दिनांक— 22 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि— 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन भविष्य में यांत्रिक मेधा के उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्ट—अप से जुड़े लोग उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस आयोजन में अमूल बूथ और सुश्रुत संहिता को भी प्रदर्शित किया गया जिसने विश्व नेताओं को बहुत प्रभावित किया। अमूल बूथ में बताया गया कि एआई किस प्रकार पशुओं के इलाज़ में सहायता कर रहा है और किसान चौबीसों घण्टे इसकी मदद से अपने डेयरी फार्म और पशुओं पर कैसे नजर रख रहे हैं। श्री मोदी ने कहा विश्व भर के नेता यह देखकर आश्चर्यचकित थे कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी यांत्रिक मेधा की सहायता से प्राचीन ग्रंथों, ज्ञान और पांडुलिपियों का संरक्षण कर रहा है।

————————————————

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में कहा कि डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी पर चर्चा के बाद जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट और वित्तीय धोखाधड़ी से निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। अपराधी फर्जी कॉल करते हैं, एसएमएस और लिंक भेजते हैं। ऐसी घटनाएं अक्षम्य हैं। श्री मोदी ने सभी से सतर्क रहने और धोखेबाजों के झांसे में न आने का आग्रह किया।

————————————————

प्रधानमंत्री ने गर्व व्यक्त किया कि भारत में किसान अब गुणवत्ता, मूल्यवर्धन और नए बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि किसान नये प्रयोग कर नई तकनीक अपनाकर भूमि का बेहतर उपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के किसान एक ही खेत में चावल की पांच सौ सत्तर किस्में पैदा कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है और वैश्विक अनाज भंडार में भी योगदान दे रहा है।

————————————————

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इन दिनों विद्यार्थी बिना किसी तनाव के, पूरी लगन से परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मार्कशीट ही विद्यार्थी का

मूल्य निर्धारित नहीं कर सकते। श्री मोदी ने कामना की कि सभी विद्यार्थी अपनी परीक्षाओं में सफल हों और सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करें। प्रधानमंत्री ने रमज़ान के महीने और आगामी होली के त्यौहार की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने वोकल फॉर लोकल के मंत्र को भी दोहराया। श्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी।

—————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में बड़े पैमाने पर उद्योग लगाए जायेंगे। श्री चौधरी ने मुंगेर के हवेली खड़गपुर में अवर निबंधन कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में कई कंपनियों ने अपने स्टील प्लांट लगाने के लिए सहमति जताई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें सस्ती जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।

—————————————

मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड अंतर्गत जितवारपुर गांव में राज्य के प्रथम शिल्पग्राम का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह परियोजना केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के राष्ट्रीय हस्तकरघा विकास योजना के तहत बिहार संग्रहालय के सहयोग से बन रही है। कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कार्यारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने शिल्पग्राम के विकास के लिए नौ करोड़ से अधिक की राशि की स्वीकृति दी है। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित बोआ देवी, दुलारी देवी, शांति देवी, शिवन पासवान समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

—————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के सुपर–एट चरण में भारत का मुकाबला आज दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मैच शाम सात बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। ग्रुप–वन में भारत और दक्षिण अफ्रीका के अलावा जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज की टीमे हैं।

—————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।